हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 10 मई 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07 आधार कार्ड सेंटर बंद होने से लोग परेशान लाइन में ...



08 एक ही रात में दो जगह चोरों ने बोला धावा, ट्रैक्टर...



## खबर संक्षेप

### खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जारी

**विदिशा।** जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन 31 मई तक किया जाएगा। पुलिस और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण बालक और बालिका दोनो वर्गो के लिए जिला खेल परिसर स्टेडियम और पुलिस लाइन में हर रोज सुबह व शाम को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्टेडियम में एथलेटिक्स कुश्ती फुटबॉल बास्केटबॉल करते कबड्डी हैंडबॉल बैडमिंटन, लॉन टेनिस वॉलीबॉल एवं पुलिस लाइन विदिशा में हॉकी ताइक्वांडो पेंटिंग ड्राइंग मेहंदी कराते स्केचिंग हैंडीक्राफ्ट जुंबा डांस वेटलिफ्टिंग स्पोकन इंग्लिश बैडमिंटन खेलों का शिविर आयोजित हो रहा है। जिसमें खिलाड़ी खेलों की बारीकियां सीख रहे हैं, एक माह के इस शिविर का शुभारंभ 1 मई को किया गया।

### एसपी रोहित काशवानी ने की इनाम की घोषणा

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना गुलाबगंज में दर्ज दो प्रकरणों के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वालों के लिए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना गुलाबगंज में दर्ज अपराध के फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वालों व फरार आरोपी वैशाली पुत्री बिहारी लाल चिढ़ार उम्र 17 साल निवासी ग्राम गुनुआ चक्क थाना गुलाबगंज की सूचना देने वालों को तीन-तीन हजार का इनाम देने की घोषणा की है।

### ग्लोबल स्किल पार्क में प्रवेश हेतु वर्कशाप हुई

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई में शुक्रवार को संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में प्रवेश के लिए वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप में जीएसपी से दीपक राय प्रवेश प्रभारी एवं आरके आस्टिन उपसंचालक द्वारा प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं जीएसपी में संचालित समस्त 9 पाठयक्रमों में प्रवेश फीस एवं होस्टल की जानकारी दी गई। साथ ही अवगत कराया गया कि प्रशिक्षण के बाद आकर्षक पैकेज पर नामी कंपनियों में प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध है। वर्कशाप में लगभग 250 विद्यार्थी मौजूद रहे।

### महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**विदिशा।** महाराणा प्रताप की 485 वीं जन्मजयंती के अवसर पर दुर्गा नगर चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर विधायक मुकेश टंडन के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। जन्म जयंती के अवसर पर विधायक मुकेश टंडन ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाराणा प्रताप दृढ प्रण के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और कई सालों तक संघर्ष किया। अकबर महाराणा प्रताप को अधीन करने में असफल रहा। महाराणा प्रताप की नीतियां शिवाजी महाराज से लेकर ब्रिटिश के खिलाफ और बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनीं।

### कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय का निरीक्षण किया

# देरी से पहुंचने वाले अधिकारी कर्मचारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश

- मंडी में पड़ी खराब सामग्री को नष्ट करने के निर्देश दिए।
- पुरानी मंडी की खाली दुकानों को किराए पर देने के निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** निरीक्षण के दौरान कृषि उपज मंडी सचिव सहित स्टाफ को निर्देशित करते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को कृषि उपज मंडी समिति के कार्यालय और नई मंडी व पुराने मंडी प्रांगण का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान मंडी कार्यालय में देरी से पहुंचने वाले अधिकारी और मंडी के कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश मंडी सचिव को दिए हैं। उन्होंने कहा कि मंडी कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारियों ड्रेस पहनकर ही कार्यालय पहुंचें। मंडी कार्यालय की सभी शाखाओं व कक्षों के बाहर शाखा का नाम और शाखा प्रभारी का नाम लिखा होना चाहिए। कलेक्टर ने मंडी कार्यालय के अनुपयोगी, जीर्णशीर्ण व खराब सामग्री, फर्नीचर और उपकरणों को नष्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी कार्यालय के सभी कक्षों, प्रांगण, नीलामी शेड, कैंटीन, प्याऊ, पानी की टंकी, सुलभ कॉम्पलेक्स औश्र किसान हाटों की नियमित रूप से साफ सफाई कराई जाए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इसके अलावा मंडी प्रांगणों, नीलामी शेड एवं कार्यालय भवन की छत या अन्य उपयुक्त स्थल पर सोलर पेनल की स्थापना के निर्देश दिए। वहीं मंडी के सभी हम्माल, तुलावटों को पहचान पत्र धारण कर ही विपणन गतिविधियां किए जाने, मंडी के सभी हम्माल व तुलावटों को शासन की समस्त योजना के लाभ के लिए सम्बल कार्ड, ई- श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड व अन्य योजनाओं के लाभ के लिए आवश्यक कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं।

पुरानी मंडी प्रांगण में स्थित खाली दुकानों को किराए पर देने मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में मृदा परीक्षण के लिए उपस्थित प्रत्येक किसान को मृदा स्वास्थ्य कार्ड अनिवार्य रूप से प्रदान कर उक्त जानकारी को विधिवत पंजी में संकलित करने के साथ किसानों को कृषि भूमि के मृदा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्यालय के अतिरिक्त अन्य स्थलों का भ्रमण, निरीक्षण करने वाले अधिकारियों को टूर डायरी का नियमित रूप से संकलन किए जाने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# युवकों ने घर पर पथराव कर भाई को जान से मारने की धमकी दी



**विदिशा।** एसपी को शिकायत कर परिवार ने की कार्रवाई की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

किलेअंदर क्षेत्र में एक भाई-बहन के घर पर कुछ युवकों द्वारा पथराव करने का मामला सामने आया है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

रानी रैकवार और उनके भाई रवि, जो पानी की टंकी के पास रहते हैं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। माता-पिता के देहांत के बाद वह अकेले रहते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ युवक बिना किसी कारण के उनसे लड़ने आए थे। पहले तो उन्होंने युवकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बाद में उन युवकों ने उनके घर पर पत्थर फेंके। पीड़ितों ने बताया कि आरोपी युवक उनके भाई के साथ मारपीट कर रहे हैं और जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं। इस मामले की शिकायत पहले ही कोतवाली थाने में की जा चुकी है।

एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पत्थरबाजी का वीडियो देखा। उन्होंने कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## वृद्धजनों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी

**विदिशा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विदिशा नीतेंद्र सिंह तोमर, न्यायिक मजिस्ट्रेट नंदनी शुक्ला एवं लीगल एड डिफेंस काउंसिल अनिमेष तिवारी द्वारा शुक्रवार को श्री हरि वृद्धाश्रम, में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा वृद्धजनों से चर्चा की एवं उनकी समस्याएं सुनीं। एक महिला बुंदिया बाई अहिरवार का कहना था कि उनके बच्चों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया है। उसके पेंशन कार्ड, आधार कार्ड आदि दस्तावेज उसके घर पर हैं जिसकी वजह से उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सचिव नीतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा पुलिस के माध्यम से उनके दस्तावेज दिलाने का आश्वासन दिया गया। वृद्धाश्रम में कई महिलाओं को पेंशन नहीं मिल रही है। उन्हे पेंशन दिलाने का भी आश्वासन दिया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट नंदनी शुक्ला द्वारा नालसा की योजना वरिष्ठजनों के लिए कानूनी सहायता योजना 2016 से भी अवगत कराया गया।

# आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेश शुरू, 21 तक कर सकते हैं आवेदन, 29 को खुलेगी लॉटरी

- तीन शिक्षकों की जांच समिति दस्तावेजों का सत्यापन कर रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत सत्र 2025-26 के लिए निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। मान्यता प्राप्त निजी गैर-अनुदान प्राप्त स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं।

आवेदन प्रक्रिया 7 से 21 मई तक निर्धारित की गई है। शेरपुर स्थित संकुल केंद्र को दस्तावेजों की जांच का कार्य सौंपा गया है। केंद्र की प्राचार्य सीमा सक्सेना के नेतृत्व में तीन शिक्षकों की जांच समिति बच्चों और परिजनों के मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर रही है। प्रवेश के लिए कई श्रेणियों के बच्चे पात्र हैं। इनमें अनुसूचित जाति-जनजाति, वन भूमि पट्टाधारी और विमुक्त जाति के बच्चे शामिल हैं। दिव्यांग, एचआईवी ग्रस्त और गरीबी रेखा के नीचे के परिवारों के बच्चे भी आवेदन कर सकते हैं। कोविड-19 में माता-पिता को खोने वाले और अनाथ बच्चों को भी प्रवेश का अवसर मिलेगा।

आयु सीमा के अनुसार विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश का प्रावधान है। नर्सरी में 3 से 4.5 वर्ष और केजी-1 में 4 से 5.5 वर्ष के बच्चे प्रवेश ले सकते हैं। केजी-2 में 5 से 6.5 वर्ष और कक्षा 1 में 6 से 7.5 वर्ष के बच्चे पात्र हैं। शिक्षा विभाग ने मान्यता प्राप्त स्कूलों और आरक्षित सीटों की जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी है। स्कूलों का आवंटन 29 मई को लॉटरी प्रणाली से किया जाएगा।

## कलेक्टर ने ली जिला आपदा प्रबंधन की बैठक

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिला आपदा प्रबंधन की बैठक लेकर आपदाओं से निपटने किए गए प्रबंधों का जायजा लिया। कलेक्टर ने जिलाधिकारियों सहित वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े समस्त एसडीएम से कहा कि विशेष तौर पर सभी व्यापारियों से संवाद करें और उनकी बैठकें लें। खाद्य सामग्री के रेट पूर्ववत ही रहे, विक्रय दरों में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी न हो पर सतत नजर रखें। उन्होंने कहा कि अनावश्यक मैसेज की फॉरवर्डिंग न करें। सप्लाई चेन बनी रहे पानी, बिजली सहित अन्य बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित हो का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने के लिए तैयार रहें, इसके लिए हमें अलर्ट रहने की आवश्यकता है और स्टॉक की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि विशेष तौर पर सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें न फैलाई जाएं न ही उनकी फॉरवर्डिंग की जाए।

## संभागायुक्त 14 मई को लेंगे अधिकारियों की बैठक

**विदिशा।** भोपाल संभागायुक्त द्वारा 14 मई को आयोजित समीक्षात्मक बैठक में शामिल एजेंडा बिन्दुओं पर संबंधित विभागों द्वारा की गई तैयारियों का जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया ने समीक्षा कर जायजा लिया। जिला पंचायत सीईओ के चेम्बर में आयोजित बैठक में अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ पंकज जैन, पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक, कृषि विभाग के उप संचालक, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के उप महाप्रबंधक, श्रम, मत्स्य, नापतौल, वन और जल संसाधन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिपं सीईओ ने विभागों के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अलावा अन्य महत्वपूर्ण अभियानों के क्रियान्वयन का जायजा लिया। निर्देशित किया गया है कि हितग्राहियों के जीवन में आए परिवर्तन को प्रदर्शित करें।

# आबकारी विभाग ने एक माह में अवैध शराब के 282 प्रकरण बनाए 6 लाख 76 हजार की शराब जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध मदिरा के क्रय विक्रय परिवहन और लाइसेंसी विक्रेताओं की शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही ने बताया कि विभाग के द्वारा अप्रैल माह में कुल 282 प्रकरण पंजीबद्ध कर आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। कुल प्रकरणों में से जिले की 74 कम्पोजिट मदिरा दुकानो का सघन निरीक्षण के दौरान 135 प्रकरण दर्ज हुए हैं। जबकि अवैध मदिरा के 147 प्रकरण शामिल हैं।

इन प्रकरणों में जप्त मदिरा का बाजार मूल्य 6 लाख 76 हजार 970 रुपए आकंलित किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी श्री रंगशाही ने बताया कि जिले में आबकारी विभाग द्वार मदिरा के अवैध निर्माण, परिवाहन, संग्रहण, चैर्यनयन एवं मदिरा का अवैधपान करने व कराने वालों के विरूद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें माह-अप्रैल में जिले में स्थित सभी 74 कम्पोजिट मदिरा दुकानो का सघन निरीक्षण जिले में गठित आबकारी टीमों द्वारा किया गया जिसमें पाई गई विभिन्न अनियमितताओं के लिए लायसेंसी के विरुद्ध 135 विभागीय प्रकरण कायम किए। 4 प्रकरण भिन्न दरों पर मदिरा विक्रय के हैं। जिले में गठित आबकारी टीमों द्वारा कुल 147 प्रकरण कायम किए गए।

# नगरपालिका ने 35 लाख से खरीदी नई फायर ब्रिगेड, गलियों में पहुंचकर भी बुझा देगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



**विदिशा।** नई फायर बिग्रेड का पूजन करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा।

नगरपालिका परिषद ने हाल ही में 35 लाख रुपए की राशि से नई फायर ब्रिगेड खरीदी है। जिसका फायर परीक्षण नगरपालिका द्वारा किया गया। यह फायर ब्रिगेड चार मंजिला मकान तक पानी प्रेशर से फैक सकती है।

फायर ब्रिगेड में ढाई हजार लीटर पानी की क्षमता है। 200 लीटर फॉर्म टैंक है। 10 फीट की गली में आराम से जा सकती है। शहर की सभी छोटी गलियों के लिए उपयोगी है। इसमें एडवांस फायर प्रेशर पंप है। नगरपालिका के पास अभी पांच बड़ी फायर ब्रिगेड हैं। जिनमें से तीन चालू हैं ओर दो रिपेयरिंग हो रहीं हैं। एक छोटी नई फायर ब्रिगेड हाल ही में नगरपालिका विदिशा ने 35 लाख में रखीदी है। जो शहर की दस फीट तक की गली में आसानी से पहुंच सकती है और आग पर जल्दी काबू पा सकेगी। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि नगरपालिका परिषद विदिशा को एक छोटी फायर ग्रेड की आवश्यकता पड़ रही थी इसलिए फायर ब्रिगेड विदिशा नगरपालिका ने खरीदी है। इसके लिए नगर पालिका परिषद को बधाई देता हूं। यह नगरवासियों की सुरक्षा में हमेशा तत्पर रहेगी।

नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा ने कहा कि विदिशा नगर में एक फायर ब्रिगेड की आवश्यकता थी। इसलिए यह छोटी फायर ब्रिगेड खरीदी गई है। ताकि छोटी गलियों में भी आसानी से और जल्दी आग पर काबू पा सके। यह नई तकनीक की फायर ब्रिगेड है जो जल्दी आग पर काबू पाने का हरसंभव प्रयास कर सकेगी और नगरवासियों को आगजनी से सुरक्षित भी रख सकेगी।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2645
उच्चतम भाव- 4140
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2350
उच्चतम भाव- 2955
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2360
उच्चतम भाव- 2520
चना
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5785
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3635
उच्चतम भाव-3751
धान
न्यूनतम भाव-1300
उच्चतम भाव-3170
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6460
सरसों
न्यूनतम भाव-3765
उच्चतम भाव-7400
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-4440
धनिया
न्यूनतम भाव-6400
उच्चतम भाव-6400
मटर
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3800
अलसी
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6700
मक्का
न्यूनतम भाव-2030
उच्चतम भाव-2030

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 24637 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत शनिवार को

**गंजबासौदा।** अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बासौदा द्वारा विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नेशनल लोक अदालत शनिवार को नवीन न्यायालय परिसर ग्राम रजोदा में सुबह 10.30 बजे से आयोजित की गई है। जिसमें अधिक से अधिक हितग्राहियों से शामिल होकर आपसी सहमति से अपने प्रकरणों का निराकरण कराने और लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की गई है। यहां उल्लेखनीय है कि नियमित रूप से आयोजित होने वाली लोक अदालतों के माध्यम से नपा सहित अन्य विभागों द्वारा बकाया कर राशि में छूट दी जाती है। जिससे पक्षकारों को बकाया राशि जमा करने में सुविधा मिल जाती है। वहीं न्यायालयों में लंबे समय से चल रहे प्रकरणों, पारिवारिक विवादों, बैंक प्री लिटिगेशन के प्रकरणों, विद्युत कंपनी से संबंधित कई तरह के प्रकरणों आदि का निराकरण भी न्यायाधीशों, अभिभाषकों, अधिकारियों आदि की समझाइश के बाद पक्षकारों के बीच आपसी सामंजस्य से कराया जाता है। पूर्व में आयोजित लोक अदालतों में भी ऐसे कई मामलों का आपसी सहमति से निराकरण हो चुका है।

# भारत माता की झांकी के साथ आज निकलेगी कलश यात्रा, बांटे आमंत्रण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गंज हनुमान मंदिर पर आयोजित होने जा रहे श्रीराम यज्ञ एवं भव्य श्री मद् भागवत कथा के लिए कलश यात्रा शनिवार दोपहर 3 बजे शीतला शक्ति धाम से निकाली जावेगी। कलश यात्रा में 1100 से अधिक महिलाएं सिर पर सौभाग्य का कलश लेकर निकलेंगी। जो नगर के मुख्य मार्गों से निकलते हुए कथा स्थल गंज हनुमान मंदिर पहुंचेगी। कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिला श्रृद्धालुओं को शीतला माता





मंदिर लाने एवं कथा स्थल से अपने घरों तक वापिस पहुंचाने के लिए आटो रिक्शा व्यवस्था, समिति की ओर से निःशुल्क रहेगी। कलश यात्रा में मुख्य आकर्षण भारत माता की झांकी रहेगी। वर्तमान में भारत-पाकिस्तान के मध्य जो तनावपूर्ण युद्ध जैसी स्थिति है तथा दोनों ओर सीमा पार से जिस प्रकार भारी गोलाबारी एवं हमले हो रहे हैं।

उसको देखते हुए गंज हनुमान मंदिर पर आयोजन समिति ने यह निर्णय लिया है कि जिस प्रकार सनातन हम सब का धर्म है, उसी प्रकार राष्ट्र धर्म है, जो सर्वोपरि है। सनातन धर्म में राष्ट्र धर्म सर्वोपरि है, यह संदेश, लोगों तक पहुंचाने के लिए महंत महेश्वर दास त्यागी जी महाराज एवं आयोजन समिति ने यह निर्णय लिया है कि कलश यात्रा में भारत माता भव्य रथ पर सवार होंगी और देश की रक्षा करने वाले सैनिक उनके साथ रथ में तैनात रहेंगे। समिति सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों के साथ महिलाओं और नगरवासियों को भी आमंत्रण पत्र सौंपकर उन्हें पूरे आयोजन का न्योता दिया।

### अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# ढाई किलो गांजा, टोयोटा कार और बाइक सहित दो आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ गांजा के कारोबार के खिलाफ एक बडी कार्रवाई की गई है। जिसमें दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे ढाई किलो गांजा, एक टोयोटा कार, एक बाइक सहित कुल 6 लाख रूपए से अधिक का मशरूका बरामद किया गया है। जबकि एक अन्य कारोबारी को सह आरोपी बनाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कानीखेड़ी जोड़ पुलिया पर दो व्यक्ति गांजा बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दो संदिग्ध व्यक्ति मौके से मोटरसाइकिल और कार छोड़कर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। पकडे गए आरोपियों में रामनारायण मैना उम्र 31 वर्ष, निवासी ग्राम मूडरी, थाना त्योंदा




एवं रामकृष्ण रघुवंशी उम्र 60 वर्ष निवासी जेल रोड बासौदा हैं। आरोपियों से पूछताछ में एक आरोपी रामकृष्ण रघुवंशी ने बताया कि उसके द्वारा रामनारायण मीणा से गांजा लिया जाता है एवं रामनारायण मीणा नामक आरोपी ने यह गांजा किसी अन्य व्यक्ति से लिया था। उसके मेमोरण्डम के आधार पर एक अन्य व्यक्ति को सह-आरोपी बनाया गया है। जिस पर धारा 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण बढ़ाया गया है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही अन्य संसाधनों का भी पता लगाया जा रहा है जहां से इस तरह के अवैध गतिविधियों को चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई डीजीपी कैलाश मकवाना के आदेशानुसार, आईजी अभय सिंह तथा डीआईजी ओपी त्रिपाठी के निर्देशन में एसपी रोहित काशवानी एवं एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे नशीले पदार्थों के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत की गई। इस अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर प्रभावी कार्रवाई करते हुए धारा 8/20, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दोनों आरोपियों के पास से 2.4 किलोग्राम अवैध गांजा कीमती 30,000, एक टोयोटा ग्रे कार MP08 CA 5949 कीमती पांच लाख रुपए, एक सीटी 100 MP 40 BB 6424 बाइक कीमती 60,000 रुपए, एक ओप्पो A 59 5G मोबाइल कीमती 10,000 रुपए, नकदी 1,300 सहित कुल जब्त संपत्ति 6,01,600 शामिल हैं। इस कार्रवाई में टीआई आशुतोष सिंह, सउनि. प्रहलाद सिंह रघुवंशी, प्रआर अजय गर्ग, सुरेंद्र कटियार,आरक्षक सचिन जाट, रामनिवास मीना, सुरजीत जाट, अमनदीप जाट, यशपाल निगम, प्रमेन्द्र नामदेव, मुकेश ठाकुर, प्रयागराज गुर्जर, अजय साहू, रामनिवास मीना एवं प्रगति नगायच की विशेष भूमिका रही।

इलाके में गांजा, ब्राउन शुगर सहित अन्य मादक पदार्थों का अवैध कारोबार जोरों पर चल रहा है। पिछले लंबे समय से इस ओर कोई प्रभावी या बडी कार्रवाई न होने से अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं, लेकिन इस कार्रवाई से अवैध कारोबार पर कुछ हद तक अंकुश लग सकता है। नागरिकों ने अब पुलिस प्रशासन से नगर में ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार के खिलाफ भी मुहिम चलाकर कार्रवाई की मांग की है।

# सुबह से निकली धूप,दोपहर बाद छाईं काली घटाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में मौसम अब काफी खुशनुमा बना हुआ है और प्रतिदिन सुबह से दोपहर तक धूप निकल रही है और दोपहर बाद बादल छाने के साथ ही तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या बौछारें पड जाती हैं। जिससे मौसम ठंडा हो जाता है। शुक्रवार को भी मौसम के तेवर ऐसे ही रहे और काली घटाओं ने आसमान को ढंक लिया, लेकिन उनसे बारिश नहीं हुई।

यहां उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से मौसम की मेहरबानी से लोगों को भीषण गर्मी से काफी राहत मिली हुई है। साथ ही किसान भी ऐसे मौसम से संतुष्ट हैं। मौसम के बदलाव के चलते सुबह से धूप और दोपहर बाद बादल छाने के साथ ही तेज आंधी, गरज चमक के साथ कभी अच्छी बारिश, तो कभी बौछारें पड रही हैं। इस कारण पिछले एक सप्ताह से तापमान में काफी गिरावट आ गई है और लोगों को गर्मी का अहसास ही नहीं हो रहा है। दिन में भी ठंडी हवाओं के कारण तेज धूप के बावजूद गर्मी का असर कम ही बना रहता है। मौसम के इस बदलाव से जहां नागरिकों को काफी राहत मिल रही है, वहीं किसान भी काफी संतुष्ट नजर आ रहे हैं। मूंग उत्पादक किसान पप्पू लोधी, प्रदीप लोधी, प्रहलाद रघुवंशी आदि का कहना है कि एक सप्ताह पूर्व तक इतनी तेज गर्मी पड रही थी कि मूंग एवं सब्जियों की फसलों में प्रतिदिन ही सिंचाई करना पड रही थी। लेकिन अब रह रहकर हो रही बारिश और तापमान में गिरावट से फसलों में बार बार सिंचाई नहीं करना पड रही है। हांलाकि अभी तक जोरदार बारिश नहीं हुई है, लेकिन तापमान में कमी और बादलों के छाए रहने से खेतों की नमी जल्दी नहीं सूख रही है।

उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने शुक्रवार की रात में भी अच्छी बारिश के संकेत दिए हैं। वहीं आगामी 12 और 13 मई को भी इलाके में अच्छी बरसात होने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसके अलावा वेबसाइटों का पूर्वानुमान है कि आगामी 15 मई तक मौसम की यही स्थिति बनी रहेगी और 16 मई से ही तापमान में उछाल आने की संभावना है। उस दौरान तेज गर्मी पडने के पूर्वानुमान व्यक्त किए गए हैं।

# देहात थाना पुलिस ने वाहन चालकों को किया जागरूक



**गंजबासौदा।** गत दिवस वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी मनोज मिश्रा के मार्गदर्शन देहात थाना प्रभारी के नेतृत्व में देहात थाना पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान लोगों को जागरूक करने हेतु हेलमेट लगाकर वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइए दी गई। इस दौरान देहात थाना पुलिस बल मौजूद रहा।

# आतंकवादी गद्दार देश से बाहर हो या अंदर अब खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना द्वारा की गई निर्णायक और साहसी कार्रवाई की सराहना करते हुए केंद्र सरकार और सेनाओं को हार्दिक बधाई दी है। मंच गौ सेवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुऐ पाकिस्तान और आतंकी संगठनों के विरुद्ध और अधिक कठोर कदम उठाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया है। मंच ने कहा कि अब समय आ गया है कि दुश्मनों को ऐसा जवाब मिले कि वे भविष्य में भारत की ओर आँख उठाकर देखने की भी हिम्मत न कर सकें। मंच की ओर से जारी बयान में कहा गया, "भारत सरकार और हमारी सेना ने जिस धैर्य, रणनीति और पराक्रम के साथ 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया है, वह हर भारतीय के हृदय में गर्व की भावना भरता है। भारत का हर मुसलमान और हर देशभक्त नागरिक सेना और सरकार के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। हम अपनी जान कुर्बान करने को तैयार हैं, लेकिन मातृभूमि की अखंडता और गरिमा पर आंच नहीं आने देंगे। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले का जवाब अब भारत ने दुश्मन की धरती पर दिया है। मंगलवार आधी रात, भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पीओके में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर 24 मिसाइलें दागीं, जिनमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इस सैन्य अभियान का नाम उन वीरांगनाओं की स्मृति में 'ऑपरेशन सिंदूर' रखा गया, जिनके पतियों ने देश के लिए बलिदान दिया। सेना की ओर से सुबह 10:30 बजे आयोजित प्रेसवार्ता में ऑपरेशन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं।

कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि वायुसेना ने 25 मिनट के भीतर 9 ठिकानों को ध्वस्त किया। ये सभी ठिकाने आतंकवादियों के ट्रेनिंग सेंटर्स और लॉन्चपैड थे। जिनमें मुजफ्फराबाद, कोटली, सियालकोट और बहावलपुर के प्रमुख अड्डे शामिल हैं। मंच ने न केवल सीमापार आतंक के विरुद्ध कठोर रुख अपनाया है, बल्कि देश के भीतर छिपे गद्दारों को भी सीधी चेतावनी दी है। मंच ने कहा, "जो लोग देश में रहकर देशविरोधी ताकतों का साथ दे रहे हैं, वे सावधान हो जाएं। ये अंतिम चेतावनी है, या तो सुधर जाएं, या फिर नेस्तनाबूद होने के लिए तैयार रहें।

### कार चालक ने लोडिंग ऑटो को पीछे से मारी टक्कर

गंज बासौदा। शुक्रवार को बरेठ रोड पर टवेरा कार क्रमांक एम पी 04 बीसी 7548 के चालक ने अपना वाहन लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आगे जा रहे लोडिंग ऑटो को टक्कर मार दी। जिससे ऑटो लगभग 20 फिट आगे जाकर रुका। टक्कर में कार का बोनट सहित अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद कार चालक उल्टा ऑटो चालक से कार को ठीक कराने की बात करने लगा, देर तक दोनों में बहस चलती रही। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि सड़क पर गड्ढा था ऑटो आगे जा रहा था जबकि पीछे से कार बहुत तेज गति में रही थी जो चालक से एकदम कंट्रोल नहीं हुई और ऑटो के पिछले हिस्से से जा टकराई।





### बार बार होती है मरम्मत, नहीं हो पा रहा समस्या का स्थाई समाधान

# मर्दाखेडी ब्रिज में फिर हुआ गड्ढा, दिखने लगे सरिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर से उदयपुर तक बने मार्ग पर ग्राम बरेठ, मर्दाखेडी के पास बने रेलवे ओवर ब्रिज पर फिर से गड्ढा बन गया है और अब उसमें से लोहे के सरिए बाहर नजर आने लगे हैं। जिससे आए दिन वाहन चालकों को असुविधा उठानी पड रही है।

यहां उल्लेखनीय है कि ग्राम मर्दाखेडी के पास करोडों की लागत से बनाए गए रेलवे ओवर ब्रिज में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया है। इस ब्रिज में रेलवे पटरी के ऊपर बनाए गए मुख्य हिस्से में इतना गुणवत्ताहीन कार्य किया गया था कि निर्माण के कुछ समय बाद ही उसमें गड्ढे हो गए थे। इन गड्ढों की शिकायत एवं खबरें प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग ने उसकी मरम्मत भी कराई थी, लेकिन जिम्मेदार इंजीनियर्स की अनदेखी से यह मरम्मत भी खानापूर्ति साबित हुई और कुछ समय बाद फिर से गड्ढा जस का तस हो गया।



तब से लेकर अब तक प्रतिवर्ष साल में दो से तीन बार इस गड्ढे की मरम्मत कराई जाती है, लेकिन न तो प्रशासन और न ही इंजीनियर इसकी मॉनिटरिंग करते हैं और न ही निर्माण एजेंसी इसकी गुणवत्तापूर्ण मरम्मत पर ध्यान देती है। परिणाम यह निकलता है कि मरम्मत के कुछ समय बाद ही उस पर लगाया गया सीमेंट कांक्रीट पूरी तरह उखड जाता है और गड्ढा अपनी पूर्व स्थिति में आ जाता है। ऐसा लगता है कि यह गड्ढा सरकारी इंजीनियर्स और निर्माण एजेंसी की कार्य कुशलता और दक्षता की परीक्षा ले रहा हो। हैरानी की बात यह है कि हर बार इंजीनियर और निर्माण एजेंसी ही इस परीक्षा में असफल साबित हो रही हैं। पिछले दिनों हुई मरम्मत के बाद एक बार फिर गड्ढा अपनी पूर्व स्थिति में है और उसमें से सरिए भी बाहर झांक रहे हैं, जो वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। अब देखना यह है कि इस बार इसकी मरम्मत कब तक होती है और कितने समय तक यह मरम्मत टिकी रह सकती है।

# रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था और गंदगी से यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नवीन निर्माण कार्य और सौंदर्यीकरण तो हो गया है, लेकिन स्टेशन के अंदर व्यवस्थाओं की ओर स्टेशन प्रबंधन ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे यात्रियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। हालत यह है कि रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर लावारिस मवेशी घूमते रहते हैं और पूरे परिसर सहित प्लेटफार्म पर गंदगी पडी रहती है। जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है।



### युवक से मारपीट

गंजबासौदा। बीती रात सिंधी कॉलोनी निवासी मोंटी ने शिकायत दर्ज कराई है कि रात में उसके भाई विजय के साथ आजाद गाली गलौज कर रहा था। जब वह उसे समझाने और रोकने पहुंचा तो आजाद ने उसके साथ भी गाली गलौज कर धारदार हथियार से मारपीट कर दी। जिसके बाद मोंटी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

म.प्र. शासन एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मान्यता प्राप्त
श्रीमती रतनबाई जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गंजबासौदा
नर्सरी से कक्षा 12
इंग्लिश एवं हिन्दी माध्यम
PROPEL
Smart Classroom
प्रवेश प्रारंभ
कक्षा 11 एवं 12 अंग्रेजी माध्यम
आर्ट्स, मैथ्स, साइंस
स्मार्ट लर्निंग से अपने बच्चे की असली क्षमता को उजागर करें।
सिरोंज रोड, पेट्रोल पंप के पास, गंजबासौदा, जिला विदिशा (म.प्र)
Phone : 07594-220401 E-mail : smtratanbaijainschool@yahoo.in

## तहसील परिसर में संचालित आधार सेंटर की आईडी बंद, सिरोंज में एक ही आधार सेंटर

# आधार कार्ड सेंटर बंद होने से लोग परेशान लाइन में खड़े रहे बच्चे और महिलाएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शहर में संचालित दो आधार केंद्रों में से बिना किसी सूचना के तहसील परिसर में संचालित किया जा रहे आधार केंद्र को बंद कर दिया गया। जिसकी वजह से सुबह से ही जो नागरिक लाइन में लगे थे उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अपनी बारी के इंतजार के लिए सुबह 6 बजे से ही क्षेत्र के अनेको ग्ा्रमो से आए नागरिक आधार कार्ड सेंटर पर लाइन में लग जाते है। जिससे कि उनका नंबर पहले आए और वह पहले अपने घर जा सके। तो वही जब सुबह 10 बजे आधार सेंटर खुला तब पता चला कि आधार केंद्र की आईडी बंद हो चुकी है। जिससे गुस्साए लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया।

### शहर में संचालित हो रहे थे दो आधार केन्द्र

विगत दिनों से सिरोंज क्षेत्र में केवल दो ही आधार सेंटर संचालित है जिनमें एक नगर पालिका के नीचे और दूसरा तहसील परिसर में संचालित हो रहा है जो कि शुक्रवार को बंद हो गया है विगत कई महीनो से आधार सेंटरों पर आम लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। शासन प्रशासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार सेंटर पर ई केवाईसी अपडेट से लेकर आधार में नाम परिवर्तन, जन्म दिनांक में परिवर्तन के लिए लोग घंटों तक लाइन में खड़े रहते हैं। इतनी तेज धूप में भी दिन भर लाइन में खड़े रहना आम लोगों के लिए एक समस्या बन गया है। वहीं प्रशासन ने इसकी किसी भी तरह की कोई व्यवस्था नहीं की है। विगत 2 महीने से लगातार आधार सेंटरों पर भीड़ की वजह से लोगों को असुविधा हो रही है।

### दीमक की तरह चिपकी हुई है आधार की समस्या

आधार केन्द्र बंद होने से परेशान नागरिको की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुचें कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने शासन प्रशासन से आम लोगों की इस समस्या को जल्द से जल्द निपटने के लिए आवेदन पत्र भी दिया था। परंतु उसके बाद भी शहर में ना तो कोई नया आधार केंद्र खोला गया और जो चल रहा था उसमें से भी एक आधार केंद्र को बंद कर दिया। उन्होने प्रशासन से सवाल किया कि क्या सरकार सिर्फ गरीबों को परेशान करने के लिए ही अपना काम कर रही है सालों से आधार अपडेट की समस्या आम लोगों के लिए दीमक की तरह चिपकी हुई है।

### एसडीएम ने नागरिकों का दी समझाइश

*अपने आधार में संशोधन के लिए ग्रामीण क्षेत्रो से आए हुए नागरिको का काम न होने से परेशान नागरिको ने एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। तो वही मौके पर पहुचें एसडीएम हर्षल चौधरी ने आम लोगों को समझाया और जल्द से जल्द इस समस्या के निराकरण की बात कहीं।*


### शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चालू किया जाए आधार केन्द्र

*कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने एसडीएम हर्षल चौधरी से मांग करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र में 10 आधार केन्द्र चालू कराए जाए। साथ ही ग्रामीणो की सुविधाओ को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रो में पंचायत स्तर पर आधार केन्द्रो का शुभारंभ किया जाए। जिससे की ग्रामीण क्षेत्रो से अपने आधार में सुधार के लिए आने वाली महिलाओं व बच्चों को शहर में आने की समस्या से निजात मिल सकें। उन्होने जल्द से जल्द आम लोगों की समस्या का निराकरण करने के लिए शासन प्रशासन से ठोस कदम उठाने की बात कही। वही उन्होने कहा कि यदि समय पर इन समस्याओं का निराकरण नहीं होता तो फिर आम लोगों के साथ धरना प्रदर्शन किया जाएगा।*

## हरिभूमि ने पाठशाला के बच्चों से की चर्चा

# ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों को दिया जा रहा धार्मिक ज्ञान

### पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

आचार्य श्री ज्ञान सागर पाठशाला एवं मुनि श्री निर्णय सागर पाठशाला द्वारा 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन पूजन संयम शिक्षण शिविर में बच्चों को धार्मिक ज्ञान दिया जा रहा है। पंचखनी जैन मंदिर स्थित पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित इस शिविर में बाल ब्रह्मचारी बहन नेहा दीदी एवं दिशा दीदी द्वारा बच्चों को धार्मिक ज्ञान की शिक्षा दी जा रही है। जिसमें बडी संख्या में बच्चें पाठ शाला में पहुचें रहे है।

जिसमें उन्हें फास्ट फूड से होने वाली हानिया भी बताई जा रही है। तो वही हमें जिनेंद्र देव की रोज पूजन करना चाहिए और जिनेंद्र भगवान उन्हें कहते हैं जो अपनी इंद्रियों को जीत लेते हैं और जिनके दर्शन करने से हमारे कर्मों का नाश होता है। उन्होने कहा कि हमे रोज हमारे देश के सैनिको और किसानों को धन्यवाद करना चाहिए। क्योंकि सैनिकों की वजह से ही हमारे धर्म चल पा रहे हैं बच्चों को पूजन के बाद रोज स्वल्पाहार आहार कराया जाता है और शिक्षा दी जाती है कि हमें देखकर शोध करके भोजन करना चाहिए और रात्रि में भोजन कभी नहीं करना चाहिए रात्रि में भोजन करने से पेट दर्द होता है जैन दर्शन के अनुसार रात में भोजन नहीं करना चाहिए हमें दिन में ही भोजन करना चाहिए।

### हरिभूमि ने पाठशाला के बच्चों से की चर्चा

शिविर में पहुचकर जब हरिभूमि ने बच्चो से चर्चा की तो प्रतिदिन पाठशाला आ रहे अर्जब जैन ने बताया कि शिविर में हमने सीखाया जा रहा है कि टीवी देख कर भोजन नही करना चाहिये हमे मोन हो कर भोजन करना चाहिये। मिष्टी जैन ने बताया कि हमे शिविर में दीदी ने बताया कि दीपावली पर फटाखे नही फोड़ना चाहिये। इसमें बहुत से जीवो की हिंसा होती है और हमारे शरीर पर भी इसका धुंआ एव आवाज से हानि होती है। अगम भूपत ने बताया कि हमने शिविर में अभिषेक करना, पूजन करना, रोज मंदिर जाना एवं 24 भगवान के नाम और चिन्ह सीखने को मिले। यशी जैन मिठ्या ने बताया कि नेहा दिशा दीदी हमें रोज ग्रीश क्लीन शिविर में पूजन करना एवं ध्यान णमोकार मंत्र की महिमा बताती है।

### समाजजनों ने किया मंदिर के अध्यक्ष का सम्मान

आचार्य श्री ज्ञान सागर पाठशाला एवं मुनि श्री निर्णय सागर पाठशाला द्वारा आयोजित 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन पूजन संयम शिक्षण शिविर में पचखनी जैन मंदिर के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन बंटी द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिसको लेकर समाजजनों से मंदिर के अध्यक्ष डॉ बंटी का सम्मान किया।

### रमेश मिश्रा का निधन अंतिम संस्कार आज

**सागर।** इतवारी व रामपुरा वार्ड की पूर्व पार्षद किरण मिश्रा के पति एवं भूमि विकास बैंक के रिटायर्ड ब्रांच मैनेजर रमेश मिश्रा 78 का शुक्र वार दोपहर निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शनिवार सुबह 9 बजे इतवारी वार्ड स्थित निवास से निकलेगी व नरयावली नाका मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर नया भारत, नई चेतना का प्रतीक हैः श्वेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यालय मंत्री श्वेता आनन्द त्यागी ने भारतीय सेना द्वारा सफलतापूर्वक संचालित ऑपरेशन सिंदूर की जोरदार सराहना करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अद्वितीय साहस और भारत की बदलती सैन्य नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण बताया।

त्यागी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर दिखाता है कि यह नया भारत है जो न केवल सहता है, बल्कि अब मुँहतोड़ जवाब देना जानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक नेतृत्व क्षमता और सेना की अद्वितीय वीरता ने 140 करोड़ भारतीयों का गौरव बढ़ाया है। अब किसी माथे का सिंदूर नहीं मिटेगा और अगर दुश्मन ने ऐसा करने की कोशिश की, तो हम घर में घुसकर जवाब देंगे। यह अभियान उन 26 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि है, जो पहलगाम में आतंकवाद का शिकार यह सिर्फ सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि उन महिलाओं के आंसुओं का जवाब है, जिन्होंने अपने पति खोए हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने उन्हें न्याय दिलाया है और यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब किसी को नहीं बखशेगा, जो उसकी शांति और



संप्रभुता को चुनौती देगा। जनहित और देशहित में आतंकवाद का समूल नाश आवश्यक है। मोदी सरकार ने वह कर दिखाया, जिसका देश वर्षों से इंतज़ार कर रहा था। हमें अपनी सेना पर गर्व है, जिसने यह दिखा दिया कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है। सेना को नमन करते हुए उन्होंने कहा कि पूरा देश भारतीय सेना के साथ खड़ा है। यह अभियान केवल सीमाओं की रक्षा नहीं, बल्कि पूरे देश की आत्मा को बल और भरोसा देने वाला है।

# नगर तथा क्षेत्र में कीटनाशक टॉनिक बेचने वाली दुकानों की भरमार

## प्रति सीजन दवाओं, टॉनिक बीज का करोड़ो का व्यापार

- अधिक लाभ घटिया माल सर्दी पर्चियों पर व्यापार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

कृषि प्रधान नर्मदा क्षेत्र की देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के हजारो किसान वर्ष में तीन फसलों के साथ सब्जियों का उत्पादन कर रहे है। इसी कारण नर्मदा क्षेत्र दवा, टॉनिक निर्माता कंपनियों और विक्रेताओं का बडा बाजार बना हुआ है। खरीफ, रवि सीजन के साथ सब्जी उत्पादक किसानों और गर्मी में मूंग की खेती में जमकर कीटनाशक दवाईयों का उपयोग होने से प्रति सीजन करोडो रू. का व्यवसाय होता है।

कीटनाशकों की दुकानों पर कौन सी दवाई असली प्रभावकारी और कौन सी नकली और घटिया है, यह तो जांच में पता चलता है। परंतु अधिकांश किसान दुकानदारों के भरोसे पर दवाईयों टॉनिक की खरीद और अपनी फसल बचाने में उपयोग करते रहते है।



### जिम्मेदार उदासीन -

नर्मदा क्षेत्र के प्रत्येक बडे ग्राम नगर कस्बो में कीटनाशक दवाईयां और विभिन्न प्रकार के टॉनिक, खरपतवार नाशक बैंचने दुकानों की भरमार बनी हुई है। जिस सडक़ पर जाए कीटनाशक बैंचने वाली दुकाने मिल जाएगी। बाड़ी, अमरावद, बरेली, खरगोन, उदयपुरा, देवरी और बम्होरी के साथ ग्रामीण क्षेत्र में सेकडो दुकानें संचालित हो रही है। बाड़ी में कृषि विभाग का वरिष्ठ कृषि अधिकारी और एसडीओ कार्यालय है।

कृषि विभाग के जिम्मेदारों द्वारा दुकानों की जांच, बिकने वाली दवाईयों के सेम्पल लेने में कोताही बरते जाने से दुकानदारों द्वारा अधिक लाभ के लिए घटिया, कम असर कारक दवाईयां, टानिक बैंचने मे अधिक दिलचस्पी रहती है। जब प्रति सीजन या जब भी दुकानों पर माल का नया स्टाक आता है। तत्काल नमूना लेने जांच कराने में उदासीनता के कारण किसानों की राशि भी खर्च हो रही है। जितना लाभ मिलना चाहिए नहीं मिल पाता है।

### करोड़ों का व्यापार

नर्मदा क्षेत्र में प्रति सीजन करोडो का कीटनाशक टानिक और बीज, खरपतवार नाशक दवाईयों का व्यापार हो रहा है। विक्रेताओं द्वारा पक्के बिल बैच नंबर के स्थान पर सादे बिल पर्ची पर ही बैंचने के गोरखधंधे मे दवाओं का सेम्पल फेल होने पर किसान दावा और मुआवजा से वंचित रह जाते है। कभी कभार सेम्पल लेने के परिणाम भी दवाओं के बिकने के महिनों बाद आते है।

# मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य की मनाई जयंती

- आदि गुरु के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बाड़ी




मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती मनाई गई इस गरिमा में आयोजन में उपस्थित अतिथियों ने आदिगुरु शंकराचार्य के जीवन पर प्रकाश डालकर प्रेरणा लेने का अव्वाहन किया जनपद पंचायत बाड़ी सभा कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में श्री हनुमान मंदिर नवघाट के पुजारी प्रमोद गुरुजी मुख्य अतिथि एवं हिंदू उत्सव समिति बाड़ी के पूर्व अध्यक्ष छोटू चौहान अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम का श्री गणेश मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने आदिगुरु शंकराचार्य के जीवन पर सरल शब्दों में प्रकाश डालते हुए आदि गुरु के जीवन प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस गरिमामय प्रेरक कार्यक्रम में नगर के गणमान्य बुद्धिजीवी नागरिक उपस्थित थे कार्यक्रम में सरस्वती वंदना उपरांत छोटू चौहान का स्वागत नवांकुर संस्था अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर ने एवं प्रमोद गुरुजी का स्वागत परामर्शदाता गजेंद्र राजपूत ने किया कार्यक्रम की सूत्रधार सविता काबरे ब्लॉक समन्वयक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।

इस मौके पर चंद्रभान सिंह राजपूत निर्मेश राजोरिया शैलेंद्र उपाध्याय परामर्शदाता राजेश नामदेव राजाराम बागड़ी ब्रजमोहन धाकड़ समिति अध्यक्ष लाल सिंह ठाकुर रामस्वरूप धुर्वे सहित एमएसडब्ल्यू बी एस डबलू के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत

**सागर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय एवं समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में निम्नदाव श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी।

### जनसुनवाई

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर नगरीय क्षेत्र के आवेदकों / हितग्राहियों की जनसुनवाई नगर निगम कार्यालय से आयोजित की जाएगी। कलेक्टर कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अधिकतर आवेदक अपनी समस्या लेकर कार्यालय कलेक्टर में उपस्थित होते हैं।

### पूर्व पार्षद एवं कपड़ा व्यापारी नारायण राठी का अकस्मिक निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



नपं. के पूर्व पार्षद एवं बडे कपडा व्यापारी नारायण दास राठी उर्फ नंदू राठी का अचानक आए हार्ट अटैक से दुखद निधन हो गया। हाल ही में नंदू राठी के द्वारा साडियों कपडो का बडा थोक एवं फुटकर शोरूम प्रारंभ किया गया था।

स्व. नंदू राठी का परिवार बडा बाजार में निवास करता था। नगर में जन्मे खेले-पढे और वस्त्रों का लंबे समय से थोक व्यापार किया जा रहा था। अचानक राठी को हार्ट अटैक आया और मृत्यु हो गई। स्व. राठी की आज बडा बाजार स्थित निवास से अंतिम यात्रा प्रारंभ होगी। निधन से राठी परिवार और व्यापारियों में भारी शोक बना हुआ है।

## टिफिन संचालक की बेटी का कॉमर्स संकाय में जिले में द्वितीय स्थान

# होनहार छात्र जिन्होंने बढ़ाया नगर का मान सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में बरेली उच्च शिक्षा और शिक्षा का हब बना हुआ है। लगभग 50 प्रायवेट और सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक हाई स्कूल, हा.से. स्कूल और कॉलेज संचालित हो रहे है। जिनमें हजारो छात्र/छात्राए बेहतर भविष्य के लिए पढाई और परिश्रम करते है। हाल ही में घोषित एमपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में नगर के होनहार छात्र-छात्राओं ने अपने पढाई कौशल का प्रदर्शन कर विभिन्न संकाय में जिले की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया।

### टिफिन संचालक की बेटी जिले में रही द्वितीय स्थान पर

वात्सल्य कान्वेंट स्कूल की छात्रा समीक्षा दुबे पुत्री शांतिलाल दुबे ने कक्षा 12वीं कॉमर्स संकाय मे 466 अंक प्राप्त कर जिले की प्रवीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्रा के पिता वर्मा कालौनी के निवास कर टिफिन संचालन और घरो-घर टिफिन पहुंचाने का कार्य करते है। छात्रा ने बताया कि पढाई के लिए सिर्फ रात में समय मिलता था, उसने शेड्यूल बना कर पढाई की ओर सफलता प्राप्त की।



निशु धाकड़ समीक्षा दुबे

### मोबाइल, टीवी से बनाई दूरी

नगर के वात्सल्य कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की ही छात्रा निशु धाकड़ पुत्री पन्नालाल धाकड़ ने गणित संकाय में 481 अंक लाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा निशु ने पढाई के लिए टीवी और मोबाइल से दूरी बना कर प्रतिदिन 6-7 घंटे पढाई की। उसे पढाई के दौरान परिवार का भरपूरा सहयोग भी मिला।

### छात्रों ने बढ़ाया पूजा पब्लिक स्कूल का मान सम्मान

**बरेली।** नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था पूजा पब्लिक हा.से. स्कूल का एमपी बोर्ड परीक्षाओं को बेहतर परीक्षा परिणाम रहा। कक्षा 12वीं में कु. राशिका पटेल ने 93 .6 प्रतिशत अखिल पटेल ने 89 .8 प्रतिशत, आराध्या शर्मा ने 87 .8 एवं कक्षा 10वीं में मानसी धाकड़ ने 93 .6 प्रतिशत, गजेन्द्र धाकड़ ने 93 .2 प्रतिशत, अंशिका पटेल ने 87 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल एवं परिवार का मान सम्मान बढ़ाया गया। छात्रों को मिली सफलता पर पूजा पब्लिक हासे स्कूल के छात्रछात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं सफल छात्रों के परिवारो में हर्ष बना हुआ है। विद्यालय परिवार की ओर से छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।




### छात्रा उन्नति जिले में प्रथम, बढ़ाया नगर और परिवार का गौरव



कक्षा 10वीं की छात्रा कु. उन्नति विश्वकर्मा ने घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा को मिली सफलता से स्कूल परिवार और नगर में हर्ष बना हुआ है।

उन्नति विश्वकर्मा पुत्री उत्तम विश्वकर्मा ने कक्षा 10वीं में 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कु. प्रज्ञा भार्गव पुत्री कमलेश भार्गव ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# मंदिर का निर्माण, श्री शिव परिवार प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

पुराने कामतोन रोड नपं. के वार्ड 15 में श्री मिडोईया बाबा का प्राचीन स्थान है। जहॉ मंदिर का नव निर्माण कर श्री शिव परिवार का प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय कार्यक्रम का 8 मई को प्रारंभ हुआ। श्री मिडोईया बाबा शिव दरबार समिति के द्वारा शोभायात्रा निकालने के साथ समापन दिवस 10 मई शनिवार को कन्यापूजन, भोजन, प्रसादी वितरण के साथ आज समापन होगा। जिसकी समिति द्वारा तैयारियां की गई है। समिति के पदाधिकारियों ने सभी धर्मप्रेमियों से अधिकाधिक संख्या में कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है।

### कारगिल के समय बाकी रही कसर को अब पूरा करने फड़क रही पूर्व सैनिकों की बांहे

# मौका मिला तो पाकिस्तान से दो-दो हाथ करेंगे सीमा पर फिर से जाने तैयार हैं 'पूर्व सैनिक'

## युद्ध के हालात में सभी ने देश के लिए खड़े होने का दिखाया जाज्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

एक बार फिर देश युद्ध की कगार पर है, पाकिस्तान की नापाक हरकतों के चलते ना चाहते हुए हमारा देश युद्ध के लिए तैयार है। भगवान बुद्ध का शांति एवं भगवान महावीर के अंहिसा का संदेश पूरी दुनिया को देने वाले देश को जब अशांति की ओर धकेला जाता है, तो सीमा पर तैनात फौजियों के साथ सेना से सेवानिवृत्त फौजियों की बाहें भी फडक़ उठती हैं। हमारे देश के ये बहादुर पाकिस्तान से दो-दो हाथ करने के लिए बेताब हैं।

पूर्व फौजी सेना में अपनी सेवा के दौरान पाकिस्तान के साथ हुए 1999 के कारगिल युद्ध की यादें ताजा कर रहे हैं। कुछ पूर्व सैनिकों, वरिष्ठ नागरिकों से बात कर देश पर थोपे गए पुराने युद्धों और आज की स्थिति में युद्ध के मुहाने पर खड़े देश की ताकत और उम्मीदों, अपेक्षाओं पर चर्चा की। सभी ने देश के लिए खड़े होने का जज्बा दिखाया।

### हमें भी होना था बॉर्डर पर, ताकि दुश्मन से कर सकते दो-दो हाथ



उजियार सिंह राजपूत
रिटायर्ड फौजी, राजपूत रेजिमेंट।

*भारत-पाकिस्तान युद्ध की स्थिति निर्मित हो रही है, हमारी सेना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जबाव दे रही है। हमें ऐसा लगता है कि इस स्थिति में हमें भी बॉर्डर पर ही होना था, जिससे हम दुश्मन से दो दो हाथ कर सकते। कारगिल युद्ध के समय में मैं कश्मीर में ही था। अब मैंने पूरी तैयारी कर ली है, जैसे ही रीकॉल आता है मैं पूरी तरह से जंग में जाने के लिए तैयार हूं।*

### कारगिल युद्ध में दुश्मन के छक्के छुड़ा दिए थे



दिनेश राय
रिटायर्ड हवलदार, 63 इंजीनियरिंग बटालियन

*कश्मीर में ड्यूटी के दौरान कई मौके ऐसे आये जब हमें बॉर्डर के उस पार दुश्मन से सामना करना पड़ा। कारगिल युद्ध के समय में मेरी ड्यटी कालचक जम्मू में थी, जहां से हमने कई दिन तक फायरिंग कर दुश्मन के छक्के छुड़ा दिए। आज फिर युद्ध की स्थिति है, मेरी बड़ी इच्छा है कि हमें भी मौका दिया जाए जिससे दुश्मन से आमना-सामना कर सकें।*

### रीकॉल आता है तो मैं आज ही जाने के लिए तैयार हूं



वीरेंद्र कुमार
रिटायर्ड फौजी, बिग्रेड ऑफ द गार्ड।

*कारगिल युद्ध के समय में दुर्गमूला जम्मू में सुरक्षा में तैनात था, मुझे सेना में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। आज की स्थिति में अगर रीकॉल आता है तो मैं आज ही जाने के लिए तैयार हूं, मेरे लिए देश सर्वोपरि है।*

### सेना में होना बड़े ही सौभाग्य की बात



मुन्नालाल गौर
रिटायर्ड, आर्मी मेडिकल टीम, भारतीय सेना।

*सेना में होना भी एक सौभाग्य की बात है, मैं अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूं। कारगिल युद्ध के समय मेरी ड्यूटी पीर पंजाल की पहाड़ी पर मेडिकल टीम इंचार्ज के रूप में थी। हमारे कई सैनिक घायल हुए, जिनका हमने इलाज किया है। फिर से हमें मौका मिलना चाहिए, ताकि हम हमारे भारत देश की सेवा कर सके। मेरी बड़ी तमन्ना है कि रीकॉल आए और इस युद्ध के लिए हम लोगों को दोबारा बुलाया जाए।*

### अबकी बार दुश्मन का नाम-ओ-निशां मिटा देंगे



◆ भारत-पाकिस्तान के युद्ध की स्थिति निर्मित हो गई है, मेरी बड़ी इच्छा है कि पीओके भारत के कब्जे में हो। हमें हमारी सेना पर पूरा भरोसा है, अबकी बार दुश्मन का नाम-ओ-निशां मिटा देंगे। मेरी शुभकामनाएं सेना के साथ है।

\- **प्रमोद कांकर**, समाजसेवी रायसेन

### अखंड भारत का सपना जल्द होगा पूरा



◆ युद्ध का आगाज हो गया है, हमारी सेना ने मोर्चा संभाल लिया है। अब वो दिन दूर नहीं जब विश्व के नक्शे में हमारे भारत का नक्शा अखंड भारत के रूप में नक्शे पर होगा। हमें हमारी सेना पर गर्व है।

\- **विनयकांत चतुर्वेदी**, अध्यक्ष अभिभाषक संघ।

## नेशनल लोक अदालत लगेगी आज

**रायसेन।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में आज इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला मुख्यालय रायसेन एवं समस्त तहसील न्यायालयों में किया जा रहा है। रायसेन में आज होने वाली नेशनल लोक अदालत का औपचारिक शुभारंभ सुबह 10.30 बजे जिला न्यायालय के सभागृह में किया जाएगा।

## जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक 14 मई को

**रायसेन।** जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में 14 मई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा एवं अनमोल 2.0 की वर्तमान स्थिति, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, दस्तक, एनआरसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, एनसीडी स्क्रीनिंग, निरोगी काया अभियान, परिवार कल्याण सेवाएं, कायाकल्प अभियान, मातृ मृत्यु प्रकरण, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन सहित अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

# एक ही रात में दो जगह चोरों ने बोला धावा, ट्रैक्टर-बाइक चोरी मामला दर्ज

### थाना प्रभारी बोले चोरों की तलाश में खंगाले सीसीटीवी, शीघ्र होगा खुलासा

◆ थाना क्षेत्र अंतर्गत बराईखास और बड़ौदा 25 गांव का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



चोरी हुआ ट्रेक्टर

थाना क्षेत्र के 2 अलग अलग गांवों में दो स्थानों पर चोरों ने धाबा बोलकर एक हाइड्रा मशीन लगा हुआ ट्रैक्टर और एक मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। थाना प्रभारी ने चोरी की वारदात के तत्काल बाद दो टीमों का गठन कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस को लगभग 100 सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद कुछ इनपुट मिले हैं, जिससे चोरी के मामले में आरोपियों की शीघ्र ही गिरफ्तारी होगी। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि फरियादी जहान जेब अली उर्फ जावेद पिता मज़हर हसन ने रिपोर्ट लिखाई कि उनका एक सोनालिका ट्रैक्टर एमपी 38 एबी 1310 जिसमें हाइड्रा मशीन भी लगी थी और उसकी कीमत लगभग 3 लाख रुपए बराईखास गांव से चोरी चला गया है।

वहीं जीतेन्द्र धाकड़ पिता गोबरधन धाकड़ निवासी बड़ौदा 25 ने बताया कि उसकी हीरो डीलक्स एमपी38 एमआर 0358 कीमत 40 हज़ार रुपए घर के बाहर से चोरी चली गई है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में धारा 303(2) बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर आगे की विवेचना शुरू की है।

## घायल दोनों युवकों की हालत गंभीर

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

विशनखेड़ा पेट्रोल पंप के पास रात 10 बजे एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि धनसिंह नाम का युवक उछलकर दूर जा गिरा। दूसरे युवक बृजेश आदिवासी के ऊपर से बोलेरो का पहिया गुजर गया, जिससे उसके एक हाथ और पैर की हड्डियां टूट गईं और पैर का पंजा अलग हो गया।

### एक की हालत नाजुक होने पर भोपाल रेफर

बावलिया जा रहे दोनों युवकों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। बृजेश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे भोपाल रेफर कर दिया गया है, जबकि धन सिंह का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।



इस संबंध में देवनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र दायमा ने बताया कि घायल दो युवकों में से एक की हालत गंभीर होने पर भोपाल भेजा तथा एक का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मामला दर्ज कर फरार बोलेरो की तलाश जारी है।

# यात्रियों से खचाखच चल रही यात्री बसें, खड़े-खड़े कर रहे सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी




नगर के बस पर रुक कर गंतव्य के लिए जाने वाली यात्री बसें इन दिनो चल रहे शादी विवाह के सीजन में यात्रियों से खचाखच भऱी चल रही है। यात्रियों को पैर रखने तक की जगह नही मिल रही है। लेकिन इसके बावजूद नगर के बस स्टैंड परिसर में यात्रियों की जमकर भीड़ देखने को मिल रही है।

नगर से सागर, भोपाल उदयपुरा, जबलपुर, छिंदवाड़ा, पिपरिया, बरेली, सोहागपुर यहित अनेक मार्गो पर यात्री बसो का संचालन होता है। नगर के बस स्टेण्ड से प्रति दिन 50 से अधिक बसो का संचालन होता है इन यात्री बसो में प्रतिदिन हजारो की संख्या में यात्री सफर करते हैं। सभी बसों में यात्रियों को पैर रखने की भी जगह नहीं मिल रही है। क्योंकि शुभ मुहूर्त में शादियों की धूम मची हुई है।

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शादियों का सिलसिला जमकर चल रहा है। इस कारण सभी बसें आगे से ही खचाखच भरी आ रही है। कई यात्रियों को बसों में खड़े खड़े यात्रा करनी पड़ रही हैं। इसके चलते भोपाल-इंदौर सहित अन्य मार्गों पर चलने वाली यात्री बस आगे से ही फुल होकर आ रही हैं। यात्रियों को मजबूरन घंटों इंतजार करने के बाद बसों में जगह मिल पा रही है।

### बाजारों में भी रही रौनक

शुभ मुहूर्त शुरू होने से शादियों की धूम मची हुई है। इससे नगर के बाजारों में गुरुवार को भी भीड़ देखने को मिली। इलेक्ट्रानिक्स, सराफा, कपड़ा, किराना की दुकानों पर खरीदारो की भीड़ देखी जा रही है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब के घाटों पर की गई सफाई

**रायसेन।** प्रदेश के साथ ही जिले में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बारिश के अधिक से अधिक पानी को संग्रहित करने हेतु जल संरचनाओं की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार कार्य किया जा रहा है। साथ ही नागरिकों को भी जल का महत्व बताते हुए जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रायसेन में नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में विधायक प्रतिनिधि, पार्षदगण, सीएमओ सहित नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा दशहरा मैदान के समीप स्थित पूरन तालाब के घाटों की सफाई की गई। साथ ही तालाब के किनारों पर जमा मिट्टी और गाद भी निकली गई।

# पूर्व पार्षद ने सड़क पर उठाए सवाल, भ्रष्टाचार का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

नगर पालिका द्वारा सड़कों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जहां लोगों के द्वारा सड़कों के निर्माण को लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। कुछ नागरिकों का मानना है नगर पालिका अच्छा कार्य कर रही है, तो वहीं कुछ नागरिकों का मानना है बनी बनाई सड़कों को तुड़वाकर नई बनाकर सिर्फ फिजूल खर्च किया जा रहा है। जहां सड़कों की जरूरत है वहां निर्माण नहीं कराया जा रहा है, जबकि जहां सड़कें पूर्व से बनी हुई है उनको तोड़कर नई सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है।

ऐसी सड़कों को भी तोड़ा जा रहा है जिनमें कभी दरार तक नहीं पड़ी और उनको तोड़ दिया गया और नई सड़क का निर्माण करा दिया गया। जो कि नगर पालिका प्रशासन की पोल खोल रहा है। नगर में ऐसी अनेक सड़कें हैं जो दुबारा बनवा दी गई, जिनको बनवाने की कोई जरूरत नहीं थी। ऐंसी ही एक सड़क को लेकर पूर्व पार्षद ने आपत्ति जताई गई। जिससे नगरपालिका द्वारा सड़क को खोदकर ही बीच में छोड़ दिया गया।



नगर के बीच बाजार स्थित वार्ड क्रमांक 9 शिवालय चौक से ज्योति मेडिकल स्टोर के घर तक बना हुआ सीसी रोड जिसमें एक भी गड्ढा या कोई दरार तक नहीं थी। उक्त सड़क का दुबारा निर्माण कराने के लिए नगरपालिका द्वारा जेसीबी मशीन से खोद दिया गया। जबकि वह सड़क एक से सवा फीट तक गहराई लिए हुए थी, और उस पर दाना किया गया था, जिसमें दरार तक नहीं थी। आखिर क्यूं यह सब किया जा रहा क्या विकास के नाम पर करोड़ों का चूना लगाया जा रहा है।

पूर्व पार्षद प्रकाश जैन का कहना है कि उक्त सड़क मेरे कार्यकाल में बनवाई गई थी, कैसे इंजीनियर द्वारा सड़क को रिजेक्ट किया और कैसे सीएमओ द्वारा इसको परिषद में रखकर पास किया। इसकी जांच होनी चाहिए और जो भी दोषी हो उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। मैंने 1 वर्ष में अनेक बार निवेदन किया कि यह रोड अच्छा है इसके दोबारा निर्माण की कोई आवश्यकता नहीं है। पैसा फिजूल खर्च होगा, लेकिन इसकी अनदेखी की गई, जिसकी शिकायत एसडीएम से भी की है।

### आवेदन दिया

वार्डवासियों ने सड़क खोदकर निर्माण के लिए आवेदन दिया था जो शिवालय से गणेश मंदिर तक बनना है और भूमिपूजन में भी सभी वार्डवासी मौजूद थे।

\- **प्रवीण जैन**, पार्षद वार्ड 9, बेगमगंज।

### इनका कहना है

जानकारी तो मिली थी निर्माण को लेकर कुछ मामला है उसको रूकवा दिया है, अभी छुट्टी पर हूं देखकर बताउंगा।

\- **कृष्णकांत शर्मा**, सीएमओ नपा बेगमगंज

# भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर नहीं रुक रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। 40 किलोमीटर मार्ग पर भारी ट्रैफिक होने से जहां पहले एक से दो दुर्घटनाएं हुआ करती थी अब 3 से 4 दुर्घटनाएं रोज होने लगी है।

दीवानगंज के 7 किमी दायरे 10 दिन में 12 दुर्घटनाएं हो चुकी है जिनमें अभी तक 4 लोग गंभीर रूप से तो 4 लोग मामूली रूप से घायल हो चुके हैं। दो दिन पहले ओवरब्रिज पर और बेरखेड़ी चौराहे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से लोग घायल हुए थे तो 3 दिन पहले कुल्हाड़िया पर ट्रक पलटा था और दीवानगंज के पास कार बाइक को टक्कर मार दी थी। सोमवार को फिर दीवानगंज पर ओवरटेक करते समय दो ट्रैकों के बीच में कार फंस गई। दुर्घटनाओं से बार-बार हाईवे पर जाम की स्थिति बन रही है।

दुर्घटनाओं से थाना सांची, थाना सलामतपुर, दीवानगंज, पुलिस चौकी और थाना सुखी सेवानिया पुलिस ज्यादा परेशान होती है। इस रोड से जहां पहले 8 से 10 हजार वाहन रोज निकलते थे अब 10 से 12 हजार वाहन रोज निकलने लगे हैं। जिससे रोड पर अत्यधिक दबाव होने के कारण दुर्घटनाओं में इजाफा होने लगा है।

सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं अंधे मोड़ों पर होती है। बालमपुर घाटी, बेरखेड़ी चौराहा, हाईवे पर स्थित ओवर ब्रिज, कुलहड़िया, भदभदा, और लंबा खेड़ा, चोपड़ा इन जगहों पर अंधे मोड़ पड़ते हैं जहां पर अब तक सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं हुई है।

# श्री शिव समाराधन महायज्ञ 13 से आयोजन की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

ब्रह्मलीन अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की कृपा से 13 मई को ग्राम मनकापुर में धर्म यज्ञ के आयोजन की बड़े स्तर पर तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है।

इस आयोजन में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक डॉ. श्याम सुंदर पाराशर वृंदावन के मुखारविंद श्रीमद् भागवत कथा होगी। सात दिवसीय श्रीशिव समाराधन महायज्ञ में आहुति के लिए नगर एवं क्षेत्र व्याकुलता से इंतजार कर रहा है। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु धर्म यज्ञ के लिए समितियां का गठन एवं नियंत्रण प्रभार की जिम्मेदारियां लोगों को दी गई कार्यक्रम की रूपरेखा इस प्रकार है।



ग्राम मनकापुर आगामी 13 तारीख से धर्म कुंभ जैसा माहौल बन रहा है आयोजन समिति में यज्ञ प्रबंध की जिम्मेदारी संयोजक स्वामी महेंद्रानंद जी महाराज ने संभाली हे महायज्ञ की समय सीमा समिति द्वारा निर्धारित की गई थी प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक महायज्ञ भवन परिक्रमण कार्यक्रम होगा। 3 बजे से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा आयोजन व्यवस्था एवं बैठक हेतु समिति द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने दिए मूलभूत सुविधाओं की कार्ययोजना तैयारी के निर्देश

# आपातकाल से निपटने सिविल डिफेंस की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारत और पाकिस्तान के बीच बन रही युद्ध की स्थिति को मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यक नागरिक सेवाओं के संबंध में सभाकक्ष में जिले में सुरक्षा व्यवस्था तथा सिविल डिफेंस प्लान के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर ने कहा कि आवश्यक नागरिक सेवाओं से जुड़े विभाग जैसे खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य, ऊर्जा, पेयजल सहित अन्य विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें। साथ ही आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं, परिवहन आदि को और मजबूत कर लें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सिविल डिफेंस प्लान अंतर्गत संबंधित विभाग व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। सबसे महत्वपूर्ण है कि हमारे पास जो संसाधन उपलब्ध है, उनकी मैपिंग हो। आकस्मिक स्थिति में खाद्यान्न उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल आपूर्ति, परिवहन हेतु कार्ययोजना तैयार रहे।




कलेक्टर ने कहा कि यह तैयारियां एहतियातन की जा रही हैं। इसमें किसी भी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नहीं है।

एसपी पंकज पाण्डे ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपात स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन हेतु सभी संसाधन शीघ्र उपलब्ध हो तथा कार्यशील हों, यह सुनिश्चित किया जाए। अत्यावश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों तथा व्यक्तियों के मोबाईल नंबर भी सभी के पास उपलब्ध हों।

बैठक में डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेंट उमेश तिवारी द्वारा सिविल डिफेंस प्लान में शामिल विभिन्न सेवाओं स्वास्थ्य सेवा, बचाव सेवा, हताहत सेवा, प्रशिक्षण सेवा, संचार सेवा, कल्याण सेवा, परिवहन सेवा सहित अन्य सेवाओं हेतु कार्ययोजना तथा तैयारियों के बारे में अवगत कराया गया। बैठक में वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, एसडीओपी, बीएमओ तथा अन्य अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे, जिला पंचायत सीईओ अंजू भदौरिया, अपर कलेक्टर श्वेता पवार, डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमांडेन्ट उमेश तिवारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।